# योगदा सत्संग सोसाइटी का शताब्दी उत्सव

**कोलकाता.** योगदा सत्संग सोसाइटी ऑफ इंडिया की ओर से सोसाइटी के 100 वर्ष पूरे होने के अवसर पर शताब्दी महोत्सव की घोषणा की गयी. इस अवसर पर यहां के वरिष्ठ संन्यासी स्वामी निगमानंद गिरि , ब्रह्मचारी अच्युतानंद व अन्य उपस्थित थे. महोत्सव के बारे में जानकारी देते हुए स्वामी निगमानंद ने कहा कि इस महोत्सव के द्वारा हमें अपने गुरु व संस्था के संस्थापक श्री श्री परमहंस योगानंद द्वारा भारत ही नहीं बल्कि विदेशों में किये गये विभिन्न कार्यों व उनके योगदान को फिर से स्मरण करने का मौका मिलेगा. गुरुदेव द्वारा दी गयी शिक्षा से प्रभावित होकर आज पूरे देश में कई बड़े -बड़े आश्रम, मठ व लगभग 200 से भी ज्यादा ध्यान केंद्रों का संचालन हो रहा है. पिछले 100 वर्षों से योगदा सोसाइटी समाज के हजारों लोगों का जीवन संवारने के लिए कार्यरत है. उन्होंने कहा कि इस उत्सव पर पूरे साल विभिन्न प्रकार के कार्यक्रमों का आयोजन किया जायेगा. 5 जनवरी को इस शताब्दी समारोह का उदघाटन होगा. इस समारोह में स्वामी सुधानंद गिरि, श्रीमती कींकर समनानंद महाराज मुख्य अतिथि व अमलाप्रणा माताजी सम्मानित अतिथि के रूप में उपस्थित रहेंगे. 22 मार्च को इस शताब्दी समारोह का मुख्य महोत्सव रांची में अयोजित किया जायेगा जो एक सप्ताह तक चलेगा.